6401(E)
11/9/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 07-09-2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अरवल के अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-47A/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) रिक्त, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–14.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2727 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3108(अनु०) दिनांक–03.09.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–03.09.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या	:	पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-47A/OPRMC-III for the year 2026-33
2.2	योजना मद	:	3054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, अरवल
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹10287.04 लाख। विभागीय पत्रांक–3247 (S)दिनांक–12.05.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹11479.52 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1688 (अनु०),दिनांक–22.05.2026
2.6	ECV/परिमाण विपत्र की राशि	:	₹10086.06978 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	84 (Eighty-four) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (MBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	03.07.2026
2.10	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा नहीं है।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd.
(2) Mother India Construction Pvt. Ltd.
(3) Maa Construction
(4) AIPL Manish (JV)
(5) Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd.

4. उपरोक्त कार्य की निविदा में कुल 05 (पाँच) निविदाकार यथा–(i) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. (ii) Mother India Construction Pvt. Ltd. ((iii) Maa Construction (iv) Agrawal Infrabuild Pvt. Ltd.& Manish Kumar Singh (JV) एवं (v) Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया है।

दिनांक–14.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति में भाग लेने वाले 05 (पाँच) निविदाकारों में से 03 (तीन) निविदाकार यथा– (i) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17, Section 4B के तहत् (ii) Maa Construction को MBD Section -3, Clause -2.4.2 (b) के तहत् एवं (iii) Agrawal Infrabuild Pvt. Ltd. & Manish Kumar Singh (JV) को NIT के क्रमांक–28 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 02 (दो) निविदाकार यथा–(i) Mother India Construction Pvt. Ltd. एवं (ii) Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd.को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

5. पैकेज संख्या–44A/OPRMC-III की निविदा में M/s Bhardwaj Construction का Ref. No.-110 दिनांक–17.08.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3108(अनु०) दिनांक–03.09.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–03.09.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

5. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u>

5.1 दिनांक–29.08.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति के बैठक की कार्यवाही, ज्ञापांक–6198(E) दिनांक–02.09.2026 द्वारा OPRMC-III/Package No.-33A/Sheikhpura के विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही के क्रमांक–8 में उल्लेखित किया गया है कि–Package No.-45A में Bhardwaj Construction द्वारा Mother India Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद दिया गया है कि इन्होने वाद सं०–CWJC No.2824/2025 को Pending Litigation में नहीं दर्शाया गया है, जाँचोपरान्त पाया गया कि Mother India Construction Pvt. Ltd. द्वारा इस निविदा में भी उक्त वाद को Pending Litigation में नहीं दर्शाया गया है।

5.2 चुँकि OPRMC-III/Package No.-47A/Arwal के निविदामें Mother India Construction Pvt. Ltd. सफल घोषित निविदाकार थें, परन्तु इनके द्वारा इस पैकेज में भी यह Litigation नहीं दर्शाया गया है। अतः निविदाकार Mother India Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 3 Clause 2.2.1, Section-4 Form LIT-1 के तहत् असफल शेष 01 (एक) निविदाकार Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd. तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

5.3 दिनांक–14.08.2026 का हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति में लिये गये निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

5.4 चूँकि एकमात्र निविदाकार Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd. शेष रह जाते है। अतः पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

6. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) M/s Bhardwaj Construction का Ref. No.-110 दिनांक–17.08.2026 के द्वारा पैकेज संख्या–44A/OPRMC-III की निविदा में दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 05 (पाँच) निविदाकारों में से 04 (चार) निविदाकार यथा– (1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17, Section 4B के तहत् (2) Maa Construction को MBD Section -3, Clause -2.4.2 (b) के तहत् एवं (3) AIPL Manish (JV) को NIT के क्रमांक–28 के तहत् (4) Mother India Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 3 Clause 2.2.1, Section-4 Form LIT-1 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 01 (एक) निविदाकार यथा–(i) Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd.को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–2727 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को संशोधित समझा जाय। साथ ही विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में एकल निविदाकार सफल होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

6.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

07/09/2026 07/9/26 07/9/26

(संजय कुमार भारती) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(राजेश कुमार गुप्ता) मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(रिक्त) संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(उमा कान्त रजक) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–171/2026 6401(E) पटना, दिनांक 11/9/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/9/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।